राजभाषा प्रकोष्ठ
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज -211004 (भारत)
Official Language Cell
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
Prayagraj - 211004(India)

## हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की रिपोर्ट

हिंदी दिवस एक ऐसा दिन जो राजभाषा हिंदी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता, राजभाषा के प्रति हमारी मौलिक सोच एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति की समीक्षा का दिन होता है जो हमारी भाषा, सांस्कृतिक अतीत और समृद्ध इतिहास के प्रति प्रेम का संचार करता है। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार, प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्थान में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन दिनांक 14.09.2023 से 03.10.2023 तक किया गया। पखवाड़ा के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री राम नरेश तिवारी, पिण्डीवासा सदस्य हिंदी सलाहकार समिति पंचायतीराज मंत्रालय एवं नगर प्रधान केन्द्रीय सचिवालय हिंदी परिषद प्रयागराज की उपस्थिति रही। जिसमें उन्होंने राजभाषा विषयक सारगर्भित जानकारी प्रदान कर उपस्थित संकाय सदस्य प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्रों को अनुग्रहीत किया। संस्थान के निदेशक प्रो. रमा शंकर वर्मा ने राजभाषा हिंदी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर बल देते हुए संस्थान के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को हिंदी के प्रगामी प्रयोग करने का आह्वान किया।

हिंदी पखवाड़ा-2023 में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत हिंदी भाषण प्रतियोगिता, हिंदी सुलेख प्रतियोगिता, हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, हिंदी निबंध प्रतियोगिता, हिंदी टंकण प्रतियोगिता, हिंदी प्रश्नोत्तरी एवं प्रशासनिक शब्दावली प्रतियोगिता एवं हिंदी कविता वाचन प्रतियोगिता संपन्न हुई। आयोजित प्रतियोगिताओं में कर्मचारी एवं छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

- दिनांक 15.09.2023 को हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने प्रतिभाग करके प्रतियोगिता को सफल बनाया। प्रथम पुरस्कार श्री समीर कैथवास एवं द्वितीय पुरस्कार श्री मनीष मिश्रा को प्रदान किया गया। विजेता प्रतिभागीयों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

- दिनांक 20.09.2023 को हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी परिचारक वर्ग के कर्मचारियों ने भाग लेकर प्रतियोगिता को सफल बनाया प्रथम पुरस्कार श्री सुजीत कुमार, द्वितीय पुरस्कार श्री फूलचंद्र यादव एवं तृतीय पुरस्कार श्री भूपेन्द्र सिंह ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।
- दिनांक 22.09.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे हिंदी कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर प्रतियोगिता को सफल बनाया प्रथम पुरस्कार श्री सिद्धार्थ कौरव, बी.टेक तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर सुश्री अनन्या जैन, बी.टेक तृतीय वर्ष एवं तृतीय स्थान पर श्री आकाश भारती, बी.टेक द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।
- दिनांक 22.09.2023 को अपराह्न 03.00 बजे हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर प्रतियोगिता को सफल बनाया प्रथम पुरस्कार श्री हर्ष तोमर, बी.टेक तृतीय वर्ष, द्वितीय पुरस्कार पर श्री आदित्य सिंह बी.टेक द्वितीय वर्ष एवं तृतीय पुरस्कार पर श्री शान कपूर बी.टेक. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।
- दिनांक 25.09.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे प्रशिक्षण कार्यक्रमःटिप्पण, आलेखन, राजभाषा नीति का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्याख्यान हेतु श्री चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, सिनियर आडिट आफिसर, कार्यालय प्रधान महालेखाकार लेखा परीक्षा प्रथम प्रयागराज को आमंत्रित किया गया, उन्होने टिप्पण, आलेखन एवं राजभाषा नीति आदि विषयों पर सार्थक चर्चा की तथा इस संबंध में आने वाली समस्याओं का निवारण भी किया गया। जिसमें संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग कर प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाया।
- दिनांक 25.09.2023 को अपराह्न 3.00 बजे हिंदी टिप्पण एवं प्रारुप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने प्रतिभाग करके प्रतियोगिता को सफल बनाया। प्रथम पुरस्कार श्री आशुतोष कुमार, द्वितीय पुरस्कार श्री गौरव श्रीवास्तव एवं तृतीय पुरस्कार श्री प्रतीक त्रिपाठी ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

- दिनांक 26.09.2023 को हिंदी निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने प्रतिभाग करके प्रतियोगिता को सफल बनाया। प्रथम पुरस्कार श्री दीपक मिश्र, द्वितीय पुरस्कार पर श्री विकास कुमार सोनी एवं तृतीय पुरस्कार श्री सुनीत कुमार चौरसिया ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

- दिनांक 27.09.2023 को हिंदी टंकण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने प्रतिभाग करके प्रतियोगिता को सफल बनाया। प्रथम पुरस्कार श्री राहुल कपूर, द्वितीय पुरस्कार श्री विनय कुमार तिवारी एवं तृतीय पुरस्कार श्री विवेक कुमार मिश्र ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

- दिनांक 26.09.2023 को हिंदी निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने प्रतिभाग करके प्रतियोगिता को सफल बनाया। प्रथम पुरस्कार श्री दीपक मिश्र, द्वितीय पुरस्कार श्री विकास कुमार सोनी एवं तृतीय पुरस्कार श्री सुनीत कुमार चौरसिया ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

- दिनांक 29.09.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे हिंदी प्रश्नोत्तरी एवं प्रशासनिक शब्दावली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने प्रतिभाग करके प्रतियोगिता को सफल बनाया। प्रथम पुरस्कार श्री मनीष मिश्रा, द्वितीय पुरस्कार श्री आदित्य कुमार एवं तृतीय पुरस्कार श्री रोहित कुमार ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

- दिनांक 29.09.2023 को अपराह्न 3.00 बजे हिंदी कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने प्रतिभाग करके प्रतियोगिता को सफल बनाया। प्रथम पुरस्कार श्री समीर कैथवास, द्वितीय पुरस्कार श्री संजय सिंह एवं तृतीय पुरस्कार श्री मनीष मिश्रा ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

हिंदी दिवस के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. बद्री नारायण, निदेशक, गोविन्द बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान प्रयागराज रहे, उन्होंने हिंदी भाषा की सरलता और व्यापकता पर विस्तार से हमारा मार्गदर्शन किया। मुख्य अतिथि महोदय एवं संस्थान के निदेशक (का.) प्रो. हरि शरण गोयल महोदय ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

अन्त में संस्थान के कुलसचिव प्रो. रमेश पाण्डेय ने हिंदी पखवाड़ा-2023 के आयोजक मण्डल को धन्यवाद देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

## <u>हिंदी पखवाड़ा-2023 की झलकियाँ</u>
















हिंदी पखवाड़ा-2023


हिंदी पखवाड़ा-2023


हिंदी पखवाड़ा-2023


हिंदी पखवाड़ा-2023










तकनीकी कार्यों में हिन्दी भाषा का प्रयोग: संभावनाएं, समस्या एवं समाधान
विषय पर
एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला
२९ सितम्बर २०२३
भौगोलिक सूचना प्रणाली प्रकोष्ठ
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज – २११००४ भारत


हिन्दी पखवाड़ा–2023
(दिनांक 14.09.2023 से 03.10.2023 तक)
समापन समारोह
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज - 211004, उत्तर प्रदेश, भारत


हिंदी पखवाड़ा-2023